कार्यालय परियोजना निदेशक,
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उत्तर प्रदेश
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग–उ0प्र0
प्लाट नं0–18 सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ
website: www.smcg-up.org; email: apd@smcg-up.org

पत्रांक 981/0676-C/SMCG/03 दिनांक 29/10/2021

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला गंगा समिति
जनपद– अमरोहा, बदायूं, बलिया, भदोही,
बुलंदशहर, बिजनौर, चन्दौली, इटावा, फर्रुखाबाद,
फतेहपुर, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज,
कानपुर नगर, कासगंज, कौशाम्बी, मेरठ, मिर्जापुर,
मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज,
रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, उन्नाव, वाराणसी, शामली,
पीलीभीत, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, संतकबीरनगर, गौतमबुद्धनगर,
कुशीनगर, सहारनपुर, अलीगढ़, औरैया, बागपत, बहराइच,
बलरामपुर, फिरोजाबाद, हाथरस, झांसी, बरेली, मथुरा व जालौन।

विषय:–जन–जन को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के स्वरूप एवं उसकी पारिस्थितिकी से जोड़ने के लिए दिनांक 01 नवम्बर से 03 नवम्बर 2021 तक गंगा दिवस–एक नदी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के संलग्न पत्र सं. TE-16015/1/2019-GKCNMCG दिनांक 13.10.2021 तथा 14.10.2021, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र दिनांक 26.10.2021 तथा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 28.10.2021(प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत जन–जन को गंगा के प्रति आस्थावान बनाने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य स्तर पर समस्त जिला गंगा समितियों व जिलाधिकारियों के माध्यम से दिनांक 01 नवम्बर से 03 नवम्बर 2021 तक 'गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

उपरोक्त के क्रम में गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' कार्यक्रम दिनांक 01 नवम्बर से 03 नवम्बर 2021 तक उ0प्र0 में गठित 28 जिला गंगा समितियों (सूची संलग्न) में कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराने के लिए अग्रिम धनराशि रु0 10.00 लाख सम्बन्धित जिला

गंगा समितियों के बैंक खातों में पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से दिनांक 28.10.2021 को स्थानान्तरित की जा चुकी है। अन्य शेष 20 जनपदों (सूची संलग्न) में बैंक खातें की जानकारी प्राप्त होने पर स्थानान्तरित कर दी जायेगी। उक्त धनराशि का व्यय वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं के अन्तर्गत ही किया जाए।

अतः अनुरोध है कि कृपया राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के पत्र सं. TE-16015/1/2019-GKCNMCG दिनांक 14.10.2021 एवं पत्र संख्या 956ए/0676–सी/एस.एम.सी.जी. दिनांक 26.10.2021 में दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार 'गंगा उत्सव–एक नदी महोत्सव' के आयोजन हेतु विशिष्ट कार्यक्रम एवं गतिविधियां संचालित कर उनका अभिलेखांकन मय वीडियोग्राफ व फोटोग्राफ को वेबसाइट पर अपलोड करते हुए राज्य स्वच्छ गंगा मिशन–उ0प्र0 के ई–मेल आईडी– cleangangaup@gmail.com पर प्रेषित करने के साथ–साथ कार्यक्रम उपरांत कुल व्यय की गई धनराशि का बिल वाउचर, उपभोग प्रमाण पत्र सहित राज्य स्वच्छ गंगा मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(राजेश कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/
अपर परियोजना निदेशक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. वरिष्ठ स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/सदस्य सचिव, जिला गंगा समिति।

विशेष सचिव,
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग/
अपर परियोजना निदेशक